हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 30 अक्टूबर 2025
नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

06 आदिवासी युवक की चाकू मारकर हत्या



09 घेराव के दौरान कलेक्टर नहीं आए मिलने तो टिमरनी...



## खबर संक्षेप

### पेंशनरों को महंगाई राहत में वृद्धि

**नर्मदापुरम।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा 01 जून 2005 के पश्चात सेवानिवृत्त सभी पेंशनरों/परिवार पेंशनरों एवं 80 वर्ष अथवा उससे अधिक आयु के पेंशनरों को मध्यप्रदेश शासन के वित्त विभाग के अनुरूप 01 सितंबर से छठवें वेतनमान के अनुसार 252 प्रतिशत एवं सातवें वेतनमान के अनुसार 55 प्रतिशत मंहगाई राहत देने के आदेश जारी कर दिये हैं। आदेशानुसार सेवानिवृत्त पेंशनर और परिवार पेंशनर को छटवें वेतनमान के अनुसार 1 सितंबर से 6 प्रतिशत की वृद्धि एवं सातवें वेतनमान के अनुसार 02 प्रतिशत की वृद्धि की गई है।

### 25 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी

**नर्मदापुरम।** लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी की अनुशंसा पर कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा सांसद निधि से नर्मदापुरम एवं बनखेडी के 05 हितग्राहियों को ईलाज/ आर्थिक सहायता हेतु 25 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी की अनुशंसा पर 05-05 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

## एएसएफ भोपाल में कांस्टेबल था मृतक, मोबाइल से परिजनों को किया मैसेज

# फांसी के फंदे पर लटका मिला 30 वर्षीय युवक का शव, पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगर के वैदिक विहार कॉलोनी में रहने वाले एसएएफ कांस्टेबल ने बुधवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जवान की पहचान मानागांव के रहने वाले लोचन यादव के रूप में हुई है। आरक्षक भोपाल में 25वीं बटालियन एसएएफ में कांस्टेबल था। मृतक ने मरने से पहले अपने परिजन को व्हाट्सएप पर सुबह 5 बजे एक मैसेज भेजा। जिसमें उसने अपनी पत्नी, सास, ससुर और साले से परेशान होने की बात लिखी है। बुधवार दोपहर में जब उसकी बहन और भाई घर पहुंचे तो दरवाजे में अंदर से ताला लगा था। पुलिस को बुलाकर ताला तुड़वाया गया। कमरे के अंदर आरक्षक लोचन फांसी के फंदे पर लटका था। पुलिस ने पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

नगर के वैदिक विहार कॉलोनी में रहने वाले एसएएफ कांस्टेबल ने बुधवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जवान की पहचान मानागांव के रहने वाले लोचन यादव के रूप में हुई है।



### दो दिन पहले ही पत्नि गई थी गांव

मृतक के पड़ोस में रहने वाली महिलाओं ने कहा मृतक को रात में घर में देखा था। तब उन्हें मिलने कुछ व्यक्ति आए थे। बुधवार सुबह से गेट नहीं खुला। इसके बाद सुबह उनकी बहन घर आई थी, दरवाजा न खुलने पर उसने पुलिस को बुलाया। गेट खोलकर जब पुलिस अंदर पहुंची तो आरक्षक का शव फंदे पर लटका मिला। पड़ोसी ने कहा दीपावली पर उनकी पत्नी और वो लोचन घर पर ही थे। दो दिन पहले ही पत्नी गांव गई है।

### परिजनों को भेजा व्हाट्सप मैसेज

एएसपी अभिषेक राजन ने बताया मृतक लोचन यादव एसएएफ भोपाल में कांस्टेबल था। उसके मोबाइल नंबर से परिजन को व्हाट्सएप पर मैसेज भेजा गया। मैसेज में लिखा कि पत्नी, सास-ससुर और साले से परेशान हो गया हूं। तंग आकर आत्महत्या कर रहा हूं। मामले में उसके मोबाइल को जब्त कर लिया गया है तथा साइबर सेल जांच के लिए भेजा जाएगा। मैसेज की जांच कराई जाएगी कि उसने लिखा या नहीं।

### दरवाजा अंदर से था बंद, पुलिस टीम ने तोड़ा दरवाजा, फांसी पर लटका मिला मृतक

पुलिस के मुताबिक मृतक लोचन यादव (38) है। उसकी पत्नी प्रीति यादव सरकारी स्कूल में टीचर है। मृतक मानागांव के रहने वाला था। ससुराल ग्राम गुज्जरवाड़ा माखननगर में है। नर्मदापुरम के वैदिक विहार कॉलोनी में उसका मकान है। देहात थाना प्रभारी सौरभ पांडे ने बताया बुधवार सुबह मृतक लोचन ने परिजन को व्हाट्सएप पर मैसेज भेजा था। जिसके घबराकर उसकी बहन, भाई नर्मदापुरम पहुंचे। दरवाजा अंदर से बंद होने से हमारी टीम को बुलाया। मौजूदगी में ताला तोड़ा गया। दरवाजा खोलकर अंदर पहुंचे तो वो फांसी के फंदे पर लटका था। शाम 4बजे मृतक के शव का पोस्टमार्टम हुआ। जिसके बाद परिजन शव ले गए।

## 70 डेसिमल जमीन बनी बुजुर्ग की मौत का कारण, मामला दर्ज



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम जिले के बनखेड़ी थाना क्षेत्र के डोलनी गांव में जमीन विवाद को लेकर 70 वर्षीय बुजुर्ग की हत्या कर दी गई। यह घटना मंगलवार रात की है, जिसकी सूचना पुलिस को बुधवार दोपहर सरपंच के माध्यम से मिली। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा।

थाना प्रभारी विजय सनस ने बताया कि मंगलवार रात गांव में मड़ई कार्यक्रम समाप्त होने के बाद मुन्ना यादव (48) और हरिप्रसाद यादव (70) के बीच 40 डिसमिल जमीन को लेकर विवाद हो गया था। दोनों नशे की हालत में थे, जिसके बाद मुन्ना यादव ने हरिप्रसाद यादव के सिर पर लकड़ी से वार कर दिया। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम को घटना स्थल तक पहुंचने के लिए पांच किलोमीटर पैदल चलना पड़ा। थाना प्रभारी ने यह भी बताया कि आरोपी मुन्ना यादव मृतक का ममेरा भाई लगता है।

पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए बनखेड़ी अस्पताल पहुंचाया है। परिजनों के बयान दर्ज करने के बाद आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर आगे की जांच की जाएगी।

रात में यह झगड़ा मामूली समझकर परिवार के लोग सो गए। बुधवार सुबह जब हरिप्रसाद यादव नहीं उठे, तब उनकी मौत का पता चला। परिजनों ने रात में झगड़े की सूचना पुलिस को नहीं दी थी। परिजनों ने बताया कि डोलनी गांव थाने से लगभग 30 किलोमीटर दूर जंगल क्षेत्र में स्थित है। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम को घटना स्थल तक पहुंचने के लिए पांच किलोमीटर पैदल चलना पड़ा।

## 100 सीटर वर्किंग वूमन हॉस्टल के निर्माण का भूमिपूजन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

महिला एवं बाल विकास विभाग, मध्यप्रदेश शासन के अंतर्गत कार्यरत महिलाओं के जीवन को अधिक सुलभ एवं सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से जिला नर्मदापुरम में स्वीकृत 100 सीटर वर्किंग वूमन हॉस्टल के निर्माण कार्य का भूमिपूजन कार्यक्रम आज, 30 अक्टूबर 2025 (गुरुवार) प्रातः 10:00 बजे से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन अमृत हॉस्पिटल के सामने, बाबई-नर्मदापुरम मार्ग पर किया जा रहा है।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक नर्मदापुरम डॉ. सीतासरन शर्मा उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद दर्शन सिंह चौधरी करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में सांसद राज्यसभा नर्मदापुरम माया नारोलिया, विधायक सिवनीमालवा प्रेमशंकर वर्मा, विधायक सोहागपुर विजय पाल सिंह, विधायक पिपरिया ठाकुरदास नागवंशी, अध्यक्ष जिला पंचायत नर्मदापुरम राधा बाई पटेल तथा अध्यक्ष नगर पालिका नर्मदापुरम नीतू यादव उपस्थित रहेंगी।

## तवा के गेट खुलने से पानी में बहकर आया मगरमच्छ, वन विभाग की टीम ने किया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

तवानगर क्षेत्र के कोठा गांव के पास नहर में मंगलवार शाम मगरमच्छ दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। जानकारी मिलते ही फॉरेस्ट विभाग की टीम मौके पर पहुंची और तीन घंटे की मशक्कत के बाद पांच फीट लंबे मगरमच्छ को सुरक्षित पकड़कर रात में तवा डैम में छोड़ दिया गया।

तवा डैम के गेट खोलने के बाद नहर में पानी छोड़ा गया था। पानी के तेज बहाव के साथ मगरमच्छ भी बहकर नहर में आ गया। उसे देखकर ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना फॉरेस्ट विभाग को दी। सूचना पर इटारसी रेंजर स्टाफ और एसडीओ मानसिंह मरावी मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि रेस्क्यू के लिए टीम को मंगलवार शाम 5 बजे नर्मदापुरम से बुलाया गया। रेस्क्यू



प्रभारी वीरेंद्र सुलेखिया और फॉरेस्ट कर्मियों ने मिलकर जाल डाला और रात करीब 8 बजे मगरमच्छ को पकड़ लिया। इसके बाद रात 9 बजे उसे सुरक्षित रूप से तवा डैम में छोड़ा गया।

## नरवाई प्रबंधन के लिए उपयोग किए जाने वाले यंत्रों की उपलब्धता की समीक्षा की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नर्मदापुरम की अध्यक्षता में कृषि अभियांत्रिकी विभाग के सहायक कृषि यांत्रिकी अधिकारी सी. एस. बरकडे एवं सी.एच.सी. (कस्टम हायरिंग सेंटर) के संचालकों के साथ बैठक संपन्न हुई। बैठक में नरवाई प्रबंधन से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान समीक्षा की गई कि प्रतिदिन कितने किसानों को नरवाई प्रबंधन हेतु कृषि यंत्र उपलब्ध कराए जा रहे हैं तथा अब तक कुल कितने रकबे में नरवाई



प्रबंधन कार्य संपन्न हुआ है। अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत प्रगति रिपोर्ट का परीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए गए। अनुविभागीय अधिकारी ने निर्देशित किया कि नरवाई प्रबंधन कार्य की प्रगति की दैनिक रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए एवं किसानों को कृषि यंत्रों की समय पर उपलब्धता हर हाल में सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि नरवाई प्रबंधन के माध्यम से खेतों की उर्वरता बनाए रखने तथा प्रदूषण रोकने में सहयोग मिल सकेगा।

## हड्डी रोग विशेषज्ञों का एक दिवसीय प्रशिक्षण स्पोर्टिव सुपरवीजन किया गया आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सीएमएचओ नर्मदापुरम डॉ नरसिंह गेहलोत एवं सिविल सर्जन डॉ सुनीता कामले के मार्गदर्शन में अनुष्का फाउंडेशन के द्वारा एसबीआई फाउंडेशन के सहयोग से हड्डी रोग विशेषज्ञों का एक दिवसीय प्रशिक्षण (स्पोर्टिव सुपरवीजन) आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य प्रशिक्षक डॉ चिंतन दोषी, राजावाड़ी अस्पताल मुंबई (महाराष्ट्र) द्वारा क्लबफुट के बच्चो का उपचार किया एवं जिले में पदस्थ डॉ. को प्रशिक्षण भी दिया गया। डॉ दोषी द्वारा बताया गया क्लबफुट एक जन्मजात विकृति है, जो कि समय पर उपचार लेने से ठीक किया जा सकता है। क्लबफुट




का उपचार पोनसेटी पद्धति द्वारा किया जाता है, जिसमें कास्टिंग (प्लास्टर), टेनाटॉमी (चीरा), क्लब फुट हेतु विशेष प्रकार के जूते (ब्रेस) से किया जाता है। प्रशिक्षण में डॉ अनिल बड़ूके, DEIC मैनेजर कविता साल्वे, फिजियोथैरेपिस्ट डॉ अपेक्षा कानूनगो, स्टाफ नर्स ऑफिसर मोनिका दास, ओटी तकनीकी सहायक सुपियर सिंह खापरे के साथ साथ समस्त ट्रामा स्टाफ उपस्थित रहे एवं अनुष्का फाउंडेशन (एसबीआई फाउंडेशन) से ब्रांच मैनेजर मनीष पटेल, सुनील साहू जिला मीडिया प्रभारी,प्रो ग्राम एक्जीक्यूटिव अभिषेक रैकवार उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान जिले भर से क्लबफुट के 25 बच्चों को जिला चिकित्सालय बुलाया गया एवं जांच की गयी।

## माखननगर में सड़क किनारे पड़ा मिला युवक का शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

ग्राम समोन मैं मुख्य मार्ग के किनारे पर पर अरुण पिता हुकुमचंद यादव का शव पड़े होने की सूचना पुलिस को प्राप्त हुई थी पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव का पंचनामा बनाया और शव को पोस्टमार्टम कराने भेजा। एस आई अशोक बरवडे ने बताया मर्ग कायम कर विवेचना की जा है युवक की हत्या हुई है या दुर्घटना से मौत हुई है या अन्य कोई कारण है यह जांच के बाद पता चलेगा गांव वालों ने बताया मृतक अरुण यहां अपने मामा के यहां रहता था मजदूरी का काम करता था एवं नशा भी किया करता था शव के पास से पुलिस को कांच की फूटी



बोतल मिली है बोतल के कांच के टुकड़े मृतक के गाल पर लगे हैं जिससे उसके चेहरे पर खून निकला है युवक की मौत का कारण पता लगाने के लिए पुलिस विवेचना कर रही।

## नर्मदा कॉलेज में मनाया गया युवा उत्सव, जिला स्तरीय एकांकी और स्किट प्रतियोगिताएं हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय नर्मदा कॉलेज में मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार आज जिला स्तरीय एकांकी और स्किट विधाओं की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती के पूजन के साथ हुआ। तत्पश्चात मंचासीन और अतिथियों और का स्वागत किया गया। ध्यातव्य है इस वर्ष युवा उत्सव की थीम भारतीय ज्ञान परंपरा रही। युवा उत्सव प्रभारी और जिला समन्वयक डॉ प्रीति आनंद उदयपुरे ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि युवा उत्सव विद्यार्थियों की



रचनात्मकता को निखारता है साथ ही अभिनय कला के प्रति भी छात्रों का रुझान बढ़ता है, । प्राचार्य डॉ आर के चौकसे ने विद्यार्थियों को युवा उत्सव और प्रतियोगिताओं की शुभकामना दी। उन्होंने कहा कि हमारे देश में रामलीला और धार्मिक कथाओं का मंचन मनोरंजन की सबसे लोकप्रिय विधा रही है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ सीताशरण शर्मा विधायक ने साइबर सिक्यॉरिटी एकांकी की सराहना की। शासकीय नर्मदा कॉलेज द्वितीय तथा शासकीय गृह विज्ञान कन्या महाविद्यालय नर्मदापुरम तृतीय स्थान पर रहे। वहीं स्किट में शासकीय शहीद भगत सिंह महाविद्यालय पिपरिया प्रथम रहा।

## खेलों के माध्यम से अनुशासन और आत्मविश्वास बढ़ता है: सांसद




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने बुधवार को राम जानकी मंदिर परिसर, बराखड़ कलां, में सांसद खेल महोत्सव 2025 के अंतर्गत खो-खो एवं रस्साकसी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होने प्रतिभागी खिलाड़ियों से संवाद करते हुए उन्हें खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु प्रेरित किया तथा खेलों के माध्यम से अनुशासन, टीमवर्क और आत्मविश्वास विकसित कर देश निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान सभी युवाओं के साथ मिलकर “खेलेगा इंडिया तो खिलेगा इंडिया” के नारे को बुलंद किया और खेल को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का संदेश दिया।

## विद्यार्थियों को बताए उपलब्ध नए विकल्प

# कुसुम महाविद्यालय में नई शिक्षा नीति और स्वयं पोर्टल पर कार्यशाला का आयोजन, दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी मालवा, में प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार रघुवंशी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) अध्यादेश 14(1) 14(2), स्वयं पोर्टल से संबंधित एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत लागू किए गए नए नियमों और प्रावधानों की जानकारी देना था। कार्यक्रम में प्रवेश प्रभारी डॉ. ए. के. यादव ने स्नातक कक्षाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा विभाग से प्राप्त नवीन निर्देशों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह अध्यादेश



शिक्षा को अधिक समग्र, कौशल आधारित और समाज से जोड़ने वाला बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। डॉ. यादव ने नीति के मुख्य बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि अब विद्यार्थी एक के बजाय दो मुख्य विषय चुन सकेंगे। सभी उच्च शिक्षण संस्थानों में एक संमान क्रेडिट प्रणाली लागू की जाएगी। स्नातक के तीनों वर्षों में भाषा अध्ययन 1 अनिवार्य होगा। चतुर्थ वर्ष में ऑनर्स का विकल्प अब सभी विद्यार्थियों को उपलब्ध होगा। नीति में भारतीय ज्ञान क्षय परंपरा, मूल्य संवर्धन और कौशल विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है। स्वयं पोर्टल प्रभारी विजयश्री मालवीय ने बताया स्वयं पोर्टल भारत सरकार की एक अग्रणी पहल है जिसके माध्यम से विद्यार्थी विश्वविद्यालय स्तर के कोर्स निशुल्क पढ़ सकते हैं तथा पीपीटी के माध्यम से स्वयं पोर्टल पर विद्यार्थियों को रजिस्ट्रेशन से संबंधित जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम में महाविद्यालयीन स्टाफ तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## बांद्राभान मेला में चिकित्सकीय व्यवस्थाओं हेतु लगाई गई ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

प्रतिवर्षानुसार जिले में वर्ष 2025 में भी 03 नवम्बर से 06 नवम्बर तक बांद्राभान मेले का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेले में अस्थाई चिकित्सालय / प्रदर्शनी लगाई जायेगी।

तत्संबंध में सीएमएचओ डॉ नरसिंह गेहलोत द्वारा बांद्राभान मेले में 3 पालियों में चिकित्सकों एवं अन्य स्टॉफ की मय जीवनरक्षक औषधियों के साथ ड्यूटी लगाई गई है। मेला प्रभारी डॉ सृजन सेंगर, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर सामु स्वास्थ्य केन्द्र डोलरिया के मार्गदर्शन में समस्त अधिकारी / कर्मचारी निर्धारित समयानुसार उपस्थित रहकर आम जनता को चिकित्सा सुविधा प्रदान करेंगे। स्थानीय प्रभारी स्वास्थ्य सुपरवाइजर टीम के साथ मेला क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले समस्त जल स्त्रोत एवं हेंडपम्पों का जल शुद्धिकरण कार्य करेंगे। आपातकालीन स्थिति के लिए 02 एम्बुलेन्स (108) 24 घण्टे मेला स्थल पर उपलब्ध रहेगी।

### किराया निर्धारित

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी नर्मदापुरम रिंकू शर्मा ने बताया है कि मध्यप्रदेश शासन परिवहन विभाग द्वारा नगर वाहनों को छोड़कर सामान्य प्रक्रम वाहनों के लिए प्रति यात्री प्रति किलोमीटर के लिए 1.25 प्रति यात्री प्रति किलोमीटर निर्धारित किया गया है। इसके अनुसार नर्मदापुरम से बांद्राभान के लिए प्रति यात्री 9.50 रूपए, इटारसी से बांद्राभान 32 रूपए, माखननगर से 38.25 रूपए, सिवनीमालवा से 69.50 रूपए, सोहागपुर से 72 रूपए, पिपरिया से 97 रूपए, बुधनी से 20.75 रूपए एवं भोपाल से बांद्राभान का किराया प्रति यात्री 103.50 रूपए निर्धारित किया गया है।

## खबर संक्षेप

### बिजली के खंभे में लगी आग, सुरक्षाकर्मी ने अग्निशामक यंत्र से बुझाई

**बैतूल।** बैतूल बाजार के सुभाष वार्ड स्थित यूनियन बैंक शाखा के पास बुधवार दोपहर बिजली के खंभे के केबल में आग लग गई। कुछ ही मिनटों में आग की लपटें तेज हो गईं और चिंगारियां निकलने लगीं। घटना के समय बैंक के अंदर ग्राहक और कर्मचारी मौजूद थे, जिससे वहां हडक़ंप मच गया। बैंक प्रबंधन ने तत्काल बिजली कंपनी के अधिकारियों को सूचना दी, लेकिन काफी देर तक कोई सहायता नहीं पहुंची। आग फैलने का खतरा देखते हुए बैंक के सुरक्षाकर्मी राजेंद्र हारोड़े ने मोर्चा संभाला। उन्होंने बैंक के अग्निशामक यंत्र (सीज फायर) का उपयोग कर सीढ़ी लगाकर खंभे पर चढक़र केबल में लगी आग पर काबू पाया।
प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यदि समय रहते आग पर नियंत्रण नहीं पाया जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था। खंभे के कुछ ही दूरी पर बैंक का मुख्य प्रवेश द्वार और कई वाहन खड़े थे। स्थानीय नागरिकों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि बार-बार शिकायत के बावजूद ढीले और जर्जर केबल को ठीक नहीं किया जा रहा है। इस घटना ने बिजली कंपनी की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। लोगों ने विभाग से ऐसे खतरनाक तारों और कनेक्शनों की तत्काल मरम्मत की मांग की है, ताकि भविष्य में बड़े हादसों से बचा जा सके।

### परिवार और ग्रामीणों ने सड़क पर बैठकर जताया विरोध

# आदिवासी युवक की चाकू मारकर हत्या





हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई

बीती रात श्री होटल के पास चार युवकों ने एक आदिवासी युवक की चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी। इस घटना से नगर में सनसनी फैल गई। मुलताई पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। सुबह मृतक का शव लेकर परिजन और बड़ी संख्या में आदिवासी समुदाय के लोग ताप्ती प्रथम पुल मुख्य मार्ग पर पहुंच गए। उन्होंने मुख्य सडक़ पर बैठकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों की मांग थी कि सभी आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई की जाए, साथ ही उनके मकानों पर बुलडोजर चलाया जाए। प्रदर्शन की सूचना पर एसडीओपी ए.के. सिंह, एसडीएम राजीव कहार एवं थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह परिहार मौके पर पहुँचे। अधिकारियों द्वारा एक घंटे की समझाइश के बाद परिजन शव को अंतिम संस्कार के लिए ले जाने को तैयार हुए।

#### *बस स्टैंड के पास घायल मिला था युवक*

*घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार, खरसाली निवासी आदित्य टेकाम पिता राजू टेकाम पर बस स्टैंड स्थित श्री होटल के पास चार युवकों ने चाकू से हमला किया। गंभीर अवस्था में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुलताई लाया गया, जहाँ से बैतूल रेफर किया गया। लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गंभीर स्थिति में लाए जाने पर अस्पताल में केवल कंपाउंडर ही मौजूद था, जिसने घाव पर पट्टी कर दी। बताया गया कि बाद में महिला चिकित्सक अस्पताल पहुंचीं।*

#### *दो दिन पहले भी हुआ था विवाद*

*जानकारी के अनुसार, इस निर्मम हत्या के पीछे किसी लडक़ी को लेकर चल रहे प्रेम-प्रसंग से उत्पन्न रंजिश कारण बनी है। बताया जा रहा है कि दो दिन पहले भी बस स्टैंड क्षेत्र में इन युवकों के बीच विवाद हुआ था और हाथापाई की नौबत आ गई थी। तब भी लोगों की भीड़ जमा हो गई थी, लेकिन पुलिस ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। जिला पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन ने बताया कि मृतक के साथी सतीश उइके की रिपोर्ट पर धारा 302 व अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। आरोपियों की पहचान कर ली गई है। आरोपी :मयूर तायवाड़े, शुभम,गौरव सोनी,नितिन सोनी चारों की तलाश जारी है। प्रारंभिक जाँच में पुष्टि हुई है कि यह हत्या हमउम्र लडक़ों में प्रेम-प्रकरण से उपजे विवाद के चलते हुई है।*

### आठनेर पुलिस ने पकड़ी 15 लाख की शराब

## पानी की बोतलों के बीच हो रही थी तस्करी, दो गिरफ्तार



**बैतूल।** आठनेर पुलिस ने 15 लाख रुपए से अधिक की अवैध शराब और इतनी ही कीमत का मिनी ट्रक जब्त किया है। इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी विजय सिंह ठाकुर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आइसर मिनी ट्रक क्रमांक एमपी 13 बीबी 5573 से अवैध शराब का परिवहन करते हुए इन आरोपियों को पकड़ा। तलाशी के दौरान ट्रक से कुल 1494.72 लीटर अवैध शराब बरामद की गई। जब्त शराब की अनुमानित कीमत 15 लाख 42 हजार 240 रुपए आंकी गई है। इसके अतिरिक्त, 12 लाख रुपए का मिनी ट्रक, 37 हजार रुपए की पानी की बोतलें और 25 हजार रुपए के मोबाइल फोन भी जब्त किए गए। कुल जब्त सामग्री का मूल्य लगभग 28 लाख 46 हजार 800 रुपए है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अजमेर निवासी राजेंद्र साहू उर्फ राजा (50) और चांदू निवासी किशोर आर्य के रूप में हुई। उप निरीक्षक मांगीलाल ठाकरे ने बताया कि यह कार्रवाई मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर की गई। सूचना मिली थी कि भैंसदेही की ओर से एक ट्रक में शराब भरकर लाई जा रही है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि यह शराब चांदू निवासी रामकिशोर की थी। कार्रवाई में टीआई, सब इंस्पेक्टर समेत सहायक उप निरीक्षक दिनेश धुर्वे, एएसआई संतोष चौधरी, राज पहाडे, प्रधान आरक्षक पंकज बटके, आरक्षक भीम चंचल और बीरबल मीणा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### विधायक ने कहा- लापरवाही दिखी तो तुरंत होगी कार्रवाई

## भाजपा पार्षदों के साथ विधायक ने देखा नपा भवन का काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ आमला



बुधवार को स्थानीय भाजपा विधायक डॉ योगेश पंडाग्रे ने यहां निर्माणाधीन नगर पालिका भवन के कार्यों का निरीक्षण किया है,इस मौके पर भाजपा पार्षद दीक्षा सूरजेकर राकेश शर्मा के अलावा भाजपा नेता प्रदीप ठाकुर, मयूर सूरजेकर,सुधीर अंबेडकर उपस्थित थे। विधायक ने पार्षदों से कहा है कि नपा भवन निर्माण में किसी भी तरह की लापरवाही देखे तो तुरंत सूचना दे, ठेकेदार पर कार्रवाई की जाएगी, विधायक नगर के मेंन रोड में मेडिकल संचालक चंद्रशेखर मालवी के निधन के उपरांत उनके परिजनों से मिलने यहां पहुंचे थे।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत लगाए पौधे

## पर्यावरण संरक्षण की मिसाल बने एनएसएस स्वयंसेवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल



प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सिलेंस जयवंती हॉक्सर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैतूल में राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में प्राचार्य डॉ. मीनाक्षी चौबे के संरक्षण में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में भूतपूर्व जिला संगठन डॉ. सुखदेव डोंगरे और कार्यक्रम अधिकारी प्रो. शंकर सातनकर की विशेष उपस्थिति रही। इस अवसर पर डॉ. सुखदेव डोंगरे ने कहा कि वृक्ष हमारे पर्यावरण के अभिन्न अंग हैं। धरती पर पेड़ पौधों के बिना मनुष्य, जानवरों और अन्य प्रजातियों का अस्तित्व असंभव है। प्रो. शंकर सातनकर ने कहा कि पेड़ पौधे लगाने से वातावरण शुद्ध होता है और यह स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। साथ ही उन्होंने स्वच्छता बनाए रखने का संदेश भी दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में दलनायक आयुष नागोरे, इस्तियाक अली, रंजित, निशु पवार, नितिन पवार, खुशबू, अमित, सदाशिव, आयुष विकास, पुनेश, भावना, निशा, विशाल सहित कुल 30 स्वयंसेवकों का सक्रिय योगदान रहा।

### गेहूं बारसा में सांसद खेल महोत्सव का हुआ शुभारंभ

## सांसद खेल महोत्सव ग्रामीण खिलाड़ियों के लिए सुनहरा अवसर: उर्मिला गव्हाड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल



प्रभात पट्टन ब्लॉक के ग्राम गेहूं बारसा के शासकीय स्कूल में बुधवार को सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ बड़े उत्साह और उमंग के साथ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य उर्मिला गव्हाड़े उपस्थित रहीं, जिन्होंने ग्राम पंचायत गेहूं बारसा की सरपंच फगनू मेश्राम, रगड़ गांव के सरपंच प्रवीण कुमरे और ग्राम पंचायत मोरंड के सरपंचों के साथ फीता काटकर खेल महोत्सव का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का माहौल जोश और उत्साह से भरा रहा, जहां आस-पास के गांवों के स्कूली बच्चों ने विभिन्न खेलों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अंचल के बच्चों को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना और उनकी छिपी हुई खेल प्रतिभाओं को पहचान दिलाना है। सांसद खेल महोत्सव में कबड्डी, वॉलीबॉल, खो-खो और बैडमिंटन जैसे खेलों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें गांव-गांव से आए छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं। जिला पंचायत सदस्य उर्मिला गव्हाड़े ने अपने संबोधन में कहा कि सांसद खेल महोत्सव जैसे आयोजन ग्रामीण खिलाडय़ों के लिए सुनहरा अवसर हैं, जिससे वे अपने अंदर छिपी क्षमताओं को पहचान कर आगे बढ़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि गांवों में भी खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, जरूरत सिर्फ उन्हें पहचान देने और मंच प्रदान करने की है। उन्होंने उपस्थित छात्रों से कहा कि खेल न सिर्फ शरीर को स्वस्थ रखता है बल्कि अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास भी सिखाता है। कार्यक्रम में बीआरसी खपरिया, प्राचार्य घनश्याम आजाद, गेहूं बारसा उपसरपंच पूनम आजाद, रमेश गव्हाड़े, गोविंद साहू, शाला अध्यक्ष कावनपूरे, गजानन नागले, शिक्षक-शिक्षिकाएं, पालकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### यूनियन बैंक ने मृतक के परिजनों को सौंपी क्लेम राशि

## यूनियन बैंक शाखा बैतूल बाजार ने वितरित किया प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा का क्लेम




हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल बाजार

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा बैतूल बाजार के ग्राहक संजय पाटिल के पुत्र राजकुमार पाटिल की विगत दिनों मृत्यु हो गई थी। राजकुमार पाटिल का प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में पंजीयन यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के ग्राहक सेवा केंद्र के माध्यम से किया गया था। योजना के अंतर्गत उनके नाम पर प्राप्त बीमा क्लेम की राशि उनके पिताजी संजय पाटिल को प्रदान की गई। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक मिथुन सर, उपशाखा प्रबंधक जयेश सर, महेश गायकवाड, हेमंत देशपांडे एवं बैंक मित्र गोकुल साहू की महत्वपूर्ण भूमिका रही। शाखा प्रबंधक ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना का उद्देश्य आम नागरिकों को आकस्मिक मृत्यु या विकलांगता की स्थिति में आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना है। उन्होंने सभी खाताधारकों से अपील की कि वे यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के ग्राहक सेवा केंद्र या शाखा से संपर्क कर योजना में पंजीयन कराएं और इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ अवश्य लें।

## दीनदयाल रसोई में भोजन परोसकर सांसद डी.डी उइके ने मनाया जन्मदिन, दी 11 हजार की मदद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल



केंद्रीय मंत्री एवं बैतूल-हरदा लोकसभा के सांसद डी.डी. उइके ने अपने जन्मदिन के अवसर पर मानवीय संवेदनाओं की अनूठी मिसाल पेश की। उन्होंने बैतूल स्थित दीनदयाल रसोई पहुंचकर जरूरतमंदों के बीच स्वयं अपने हाथों से भोजन परोसा और उनके साथ अपना जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर उन्होंने दीनदयाल रसोई बैतूल को 11 हजार रुपये की राशि भेंट की। कार्यक्रम में जिले के भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पवार, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पंवार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, घो?ाडोंगरी के पूर्व विधायक मंगलसिंग धुर्वे, नगरपालिका परिषद बैतूल की अध्यक्ष पार्वती बाई बारस्कर, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष आनंद प्रजापति, भाजपा जिला महामंत्री कृष्णा गायकी, भाजपा गंज मंडल अध्यक्ष विकास मिश्रा, कोठीबाजार मंडल अध्यक्ष विक्रम वैद्य, रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. अरुण जयसिंगपुरे, संजू सोलंकी, सोशल मीडिया प्रभारी मनीष मिसर, विजय पानकर, पवन राठौर, राकेश शर्मा, चाणक्य, विजय खंडेलवाल, पार्षद वर्षा रमेश बारस्कर, ज्योति यदुवंशी, पूजा अमझरे, ममता यादव, दुर्गा यादव, मुस्कान यादव, सावित्री, रानी, कविता खातरकर, बिल्लो पवार, दीपिका साहू, सतीश मटसेनिया मुख्य नगरपालिका अधिकारी, विजय हुद्दार नगरपालिका बैतूल अधीक्षक, सीटी मिशन प्रबंधक एच.आर. मसदकर, डूडा अधिकारी अखिलेश चौहान सहित भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पवार, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार, नगरपालिका अध्यक्ष पार्वती बाई बारस्कर, पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष आनंद प्रजापति, गंज मंडल अध्यक्ष विकास मिश्रा, कोठीबाजार मंडल अध्यक्ष विक्रम वैद्य और दीनदयाल रसोई संचालक बलवीर मालवी ने केंद्रीय मंत्री एवं सांसद डी.डी. उइके को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

### धूमधाम से मनाई गोपाष्टमी

## गोपाष्टमी कृष्ण की करुणा, प्रकृति और देवत्व के बीच संबंध की याद दिलाती है



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

गोपाष्टमी पर गौ माता पूजन बोरीवाले बाबा की तपोभूमि रानीपुर माधव गौशाला आश्रम में बुधवार को विश्व हिंदू परिषद द्वारा गोपाष्टमी पर्व के अवसर पर भव्य गौ माता पूजन, वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं ने गौ माता का अभिषेक व आरती की। इस मौके पर प्रांत गौ रक्षा प्रमुख कृष्णकांत गावंडे ने कहा कि मान्यता है कि जिस दिन नंद बाबा की आज्ञा पाने के बाद भगवान श्री कृष्ण ने गौ चारण प्रारंभ किया वह कार्तिक मास की अष्टमी तिथि ही थी। तभी से इस पावन दिन को गोपाष्टमी के रूप में मनाया जाने लगा। एकल अभियान श्री हरि कथा जिला अध्यक्ष गौ ग्राम संस्कृति संरक्षण समिति संस्थापक वीरेंद्र बिलगया ने कहा कि गोपाष्टमी भगवान कृष्ण की दिव्य करुणा और मानव, प्रकृति और देवत्व के बीच पवित्र संबंध की याद दिलाती है। इस त्योहार को भक्ति भाव से मनाने से सुरक्षा, कृतज्ञता और सद्भाव का शाश्वत संदेश प्रबल होता है। इस अवसर पर हनुमान शक्ति जागरण जिला प्रमुख शिवम पात्रेकर राहुल, सनातन सेवा धर्म समिति जिला अध्यक्ष भवानी गावंडे विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष जयदीप रूनवाल, जिला मंत्री श्याम राठौर जिला सह मंत्री राजू ठाकुर, जिला सह मंत्री प्रकाश गारवे, जिला सुरक्षा प्रमुख सतनाम सिंह बावरा जिला गौ रक्षा प्रमुख दुर्गेश भारती जिला साह गौ रक्षा प्रमुख दुर्गेश ठाकुर, प्रखंड संयोजक हिमांशु ठाकुर, जिला सह सतसंग प्रमुख ज्ञानी रामजी गंगारे, बलराम यादव प्रखंड संयोजक शाहपुर दुर्गेश यादव खंड मंत्री पावर झंडा खंड शाहपुर प्रखंड सहित कार्यक्रम में बड़ी संख्या गौभक्त और ग्रामीण जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन भंडारा प्रसादी के साथ हुआ।

## हवाई पट्टी आमला से पंखा एवं मेन रोड की सड़क बनाने विधायक एवं एओसी ने की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ आमला



विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे एवं एओसी एयर कॉमोडोर महेश इम्मी ने आमला हवाई पट्टी से पंखा तक तथा मटन मार्केट आमला से तहसील कार्यालय तक वायुसेना के अधीन सडक़ों पर भारी वाहनों के आवागमन को देखते हुए उच्च क्षमता की सडक़ों के निर्माण की विस्तृत चर्चा की है। विधायक डॉ पंडाग्रे ने वर्तमान में आमला पंखा सडक़ की स्थिति से अवगत कराते हुए एओसी को अवगत कराया कि इस सडक़ की हालत बहुत ही खराब है। जगह-जगह पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। जिससे बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। अति शीघ्र ही इस मार्ग का निर्माण कराया जाए। जहां पर सडक़ बार-बार कोलेप्स हो रही है, वहां सीसी रोड का निर्माण किया जाए तथा मटन मार्केट आमला से तहसील कार्यालय तक की सडक़ को सीसी रोड बनाया जाए। भारी वाहनों के आवागमन को देखते हुए उच्च क्षमता वाली सडक़ बनाने पर भी विचार हुआ है। एओसी एयर कॉमोडोर महेश ने उच्च अधिकारियों को परिस्थितियों से अवगत करा कर जल्दी ही निर्माण की प्रक्रिया को शुरू किया जायेगा। उन्होंने विधायक से भी सहयोग की अपेक्षा की है। विधायक डॉ पंडाग्रे ने कहा कि आवश्यकता पडऩे पर इन सडक़ों को बनवाने के लिए केंद्रीय राज्य मंत्री एवं सांसद डीडी उईके एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के साथ रक्षा मंत्री से मुलाकात करेंगे।

### बिना सुरक्षा उपकरण के काम करते दिखे कंपनी के कर्मचारी

# हादसे के बाद भी नहीं जागा बिजली विभाग

### केवल चार स्किल के भरोसे पूरा शहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आमला

बीते मंगलवार की शाम शहर के ज्वेलरी बाजार में बिजली के खंभे पर काम कर रहे एक बिजली कंपनी के कर्मचारी के साथ हादसा हो गया। जैसा कि बताया गया है कि बिजली कंपनी का कर्मचारी जब बिजली के खंबे पर चढक़र सुधार का काम कर रहा था, इस दौरान यहां एक जोरदार धमाका हुआ और कर्मचारी बिजली के खंभे से नीचे गिर गया। हादसे के बाद यहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल कर्मचारी को बैतूल और फिर नागपुर रेफर कर दिया गया है। इस पूरी घटना के पीछे संभवतः घटनास्थल से महज चंद फिट की दूरी से ही गुजर रही 11 केवी लाइन, जिससे बाधित नहीं किया गया था, ये भी वजह हो सकता है, हालांकि स्थानीय बिजली कंपनी हादसे के पीछे उपभोक्ताओं के द्वारा इनवर्टर की रिटर्न सप्लाई मान रही है। किंतु वजह चाहे जो भी हो पर इस पूरे हादसे में कंपनी की घोर लापरवाही और सुरक्षा को नजर अंदाज करना हादसे की वजह बना है।



फाइल फोटो

#### *केवल चार स्किल के भरोसे पूरा शहर*

*अगर देखा जाए तो बीते कई वर्षों से शहर की जर्जर बिजली की तारे अस्त-व्यस्त बिजली के पोल खुले पड़े ट्रांसफार्मर के चलते शहर में कई बार छोटे बड़े हादसे हो रहे हैं। जिससे कई घंटे तक पूरे शहर की बिजली आपूर्ति भी पड़ जाती है। यहां जैसा की जानकारी है कि शहर के लगभग आठ हजार बिजली उपभोक्ता, चार हजार स्ट्रीट लाइट, नगर पालिका के तमाम बोरवेल और कई व्यावसायिक उपभोक्ताओं पर कंपनी के पास केवल चार स्किल कर्मचारी है, यानी चार पारंगत लाइनमैन और सात सहायक पारंगत कर्मचारी है, जो पूरे शहर की बिजली व्यवस्था को चलाते हैं। ऐसे में कर्मचारियों की भारी कमी और पारंगत और गैर पारंगत कर्मचारियों की कमी से शहर की सुचारू बिजली व्यवस्था के लिए दिक्कतें पैदा हो रही है।*

#### *हादसों के बाद भी बिना सुरक्षा उपकरण के काम कर रहे कर्मचारी*

*शहर में पारंगत और गैरपारंगत रूप से कार्यरत बिजली कंपनी के कर्मचारी बिना किसी सुरक्षा उपकरण के ही काम करते हैं। इसके पीछे क्या वजह है इसको लेकर कर्मचारी और अधिकारियों के अलग-अलग तर्क है, किंतु बिजली कंपनी कि ये लापरवाही निश्चित ही ऐसे मौके पर खुद हादसों को पैदा करती है। मंगलवार की शाम शहर में बिजली कंपनी के कर्मचारी के साथ हुए हादसे के बाद भी बुधवार को शहर के कंपनी के कर्मचारी बिना किसी सुरक्षा उपकरण के ही काम करते देखे गए हैं। इस तरह की लापरवाही पर अधिकारियों की अनदेखी शहर में हादसों को बढ़ावा दे रही है।*

#### *इन इलाकों में होते हैं ज्यादा हादसे*

*यूं तो पूरे शहर में ही बिजली कंपनी की लापरवाही से शहर में वर्षों पुराने बिजली के जर्जर तारों खुली पड़ी दर्जनों डीपी अस्त-व्यस्त बिजली के पोल जगह-जगह संभावित खतरों को बढ़ावा दे रहे हैं, फिर भी शहर के मेन रोड इलाके,राम मंदिर चाल,पीर मंजिल, चिंतामणि मंदिर, तहसील ऑफिस के सामने, पोस्ट ऑफिस के सामने, मटन मार्केट, बस स्टैंड, बिजली कंपनी के दफ्तर और इसके आसपास के इलाके बेहद खतरनाक जोन बने हुए हैं, जहां कंपनी की लापरवाही कभी भी किसी हादसे को पैदा कर सकती है।*

#### *उपलब्ध कराते हैं उपकरण*

*कर्मचारियों को पर्याप्त मात्रा में सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए जाते हैं। अगर कर्मचारी इसका उपयोग नहीं कर रहे हैं तो निर्देश दिए जाएंगे। मंगलवार की घटना किसी इनवर्टर के रिटर्न सप्लाई के चलते हुई है। फिलहाल कर्मचारी को नागपुर रेफर कर दिया गया है।*

*विलासराव उइके, कनिष्ठयंत्री बिजली कंपनी आमला*

### सांसद चौधरी ने कहा केंद्रीय बजट में नर्मदा संरक्षण और कृषि क्षेत्र को प्राथमिकता

# 6 हजार 250 करोड़ से बदलेगी मां नर्मदा व नर्मदांचल जिले की तस्वीर

मध्य प्रदेश प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग की संभागीय बैठक आयोग के अध्यक्ष एसएन मिश्रा, सचिव अक्षय कुमार सिंह एवं सदस्य मुकेश शुक्ला की उपस्थिति में नर्मदापुरम जिले में आयोजित की गई।




हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

कोई नई भी ग्राम पंचायत, तहसील या ब्लॉक बनाते समय या उसकी सीमा जिले या तहसील में शामिल करने से पहले उस स्थान की भौगोलिक स्थिति, जनसंख्या, स्ट्रक्चर, संस्कृतिक पहलू, मूलभूत सुविधाओं का होना आवश्यक होगा। मध्य प्रदेश प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग के कार्य करने की पद्धति का निर्धारण कार्य क्षेत्र, लक्ष्य आदि की जानकारी देने के लिए बुधवार को मध्य प्रदेश प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग की संभागीय बैठक आयोग के अध्यक्ष एसएन मिश्रा, सचिव अक्षय कुमार सिंह एवं सदस्य मुकेश शुक्ला की उपस्थिति में नर्मदापुरम जिले में आयोजित की गई। कलेक्टर सभा कक्ष में आयोजित बैठक में प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग के अध्यक्ष एस एन मिश्रा ने बैठक में सभी अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए की किसी भी प्रशासनिक इकाई के पुनर्गठन से पहले जनप्रतिनिधियों से चर्चा एवं जनता से फीडबैक लेकर आपस में समन्वय स्थापित करके राजस्व सीमाओं के पुनर्गठन का प्रस्ताव कलेक्टर को प्रेषित करें। कलेक्टर सभी प्रस्ताव पर विचार करके अपना सुझाव एवं निर्णय से आयोग को अवगत कराएंगे।

मिश्रा ने बताया कि जनपद एवं तहसील की सीमाओं का परिसीमन किया जाना है लेकिन यदि परिसीमन की आवश्यकता नहीं है तो परिसीमन नहीं भी किया जाएगा। परिसीमन को और अधिक जन्मोमुखी बनाया जाएगा ताकि इसके आधार पर जन अपेक्षा के आधार पर ज्यादा से ज्यादा जनता को सुविधा दिलाई जा सके। नवीन प्रशासनिक इकाई के लिए मार्गदर्शन सिद्धांत बनाए गए हैं। वर्तमान में ऐसे कई तहसील एवं ब्लॉक तथा ग्राम पंचायत है जो जिला मुख्यालय से दूर है लेकिन दूसरे अन्य जिले या तहसील के समीप है, ऐसे प्रशासनिक इकाइयों में चेंज करने एवं परिवर्तन करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बड़ी इकाई की बजाय छोटी इकाइयां में ज्यादा परेशानी नहीं होती है। विभागों में विभिन्न पदों के युक्ति युक्तिकरण के भी प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने कहां की विभागों में जिन पदों की आवश्यकता नहीं है उन पदों से अन्य कोई काम लिया जाएगा। या दूसरी जगह स्थापित कर दिया जाएगा एवं विभाग में यदि तकनीकी दक्षता की आवश्यकता है तो ऐसे तकनीकी दक्षता के पद सृजित किए जाएंगे।

प्रत्येक जिले के कलेक्टर को जनप्रतिनिधि एवं आम जनता सुझाव देगी कि कैसे सीमाओं का निर्धारण कहां पर किस मान से किया जाना उचित रहेगा। कलेक्टर उसे अपडेट करेंगे एवं आयोग को प्रेषित करेंगे। आयोग प्रस्तावित रिपोर्ट के अनुसार अपनी कार्रवाई करेंगा।

## अतिक्रमण में हटाई गई दुकानों पर लगे मिले बिजली के अस्थाई मीटर

**सवाल : आसानी से कैसे मिल जाते हैं अतिक्रमणकारियों को बिजली कनेक्शन?**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

सोहागपुर में प्रशासन ने मंगलवार को शासकीय भूमि से दुकानों का अतिक्रमण हटाया है। इन दुकानों पर अस्थाई बिजली मीटर लगे थे, जो कार्रवाई के बाद पोल पर लटके थे। जिसे लेकर नागरिकों का सवाल है कि अतिक्रमण की दुकानों को कैसे अस्थाई बिजली कनेक्शन मिल जाते हैं। नागरिकों ने कहा कि अतिक्रमण की दुकानों पर अस्थाई बिजली कनेक्शन थे। नागरिकों के अनुसार मकान बनाने वालों को अस्थाई बिजली कनेक्शन लेने में मुश्किल होती है। लेकिन अतिक्रमण की दुकानों पर मीटर लगना आश्चर्यजनक है।

### हो प्रक्रिया की जांच

मामले में नागरिकों ने एसडीएम से अपील की है कि अतिक्रमण की दुकानों में अस्थाई मीटर लगाने की प्रक्रिया की जांच कराएं। मामले में हरिभूमि संवाददाता ने सोहागपुर टाउन जेई विजय धुर्वे से पूछा कि अतिक्रमण की दुकानों में आसानी से अस्थाई बिजली कनेक्शन मिल जाता है।



जबकि आमजन परेशान होते हैं। जवाब में धुर्वे ने कहा कि अस्थाई मीटर लगवाने आवेदक अनुमति पत्र व दस्तावेज देते हैं। तभी अस्थाई मीटर लगाया जाता है। नागरिकों का सवाल है कि अतिक्रमण के लिए अनुमतियां किन गुप्त तरीकों से मिलती हैं।

**इनका कहना है**

"अस्थाई बिजली कनेक्शन दस्तावेजों तथा अनुमति पत्र पर देते हैं। हो सकता है मेले में दुकान लगाने के लिये लोगों ने अस्थाई मीटर लगवाए हों। अस्थाई मीटर कभी भी हटा सकते हैं।"-
**विजय धुर्वे, टाउन जेई, बिजली कंपनी, सोहागपुर।**

## पुलिस ने पकड़ी 12 हजार रू. की अवैध शराब

सोहागपुर पुलिस ने अवैध शराब के धरपकड़ के विशेष अभियान अभियान में बड़ी कार्रवाई की है। सोहागपुर थाना प्रभारी ऊषा मरावी से प्राप्त जानकारी अनुसार मंगलवार की रात ऋतिक शाह पिता बांकेलाल शाह निवासी बरेली चौकी शोभापुर थाना सोहागपुर से शराब पकड़ी गई है। आरोपी से देशी प्लेन शराब के 62 क्वार्टर तथा मसाला देशी शराब के 60 क्वार्टर अर्थात कुल 122 क्वार्टर जप्त किये गए हैं। आरोपी से 21 लीटर 960 मिली शराब पकड़ी गई है। जिसकी कीमत 12 हजार 180 रुपये है। मामले में आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

## प्रशासन ने हटाया किलापुरा क्षेत्र से अतिक्रमण, तोड़े अवैध शराब बिक्री टप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

स्थानीय प्रशासन ने नगर के किलापुरा क्षेत्र से मंगलवार को अतिक्रमण हटाया है। इस दौरान सरकारी भूमि पर मांस विक्रय की दुकानों का अतिक्रमण हटाया गया है। सोहागपुर नप से प्राप्त जानकारी अनुसार दो अतिक्रमण कई वर्षों से किलापुरा में इमली वृक्ष के नीचे किए गए थे। जिन्हें मुख्य रूप से हटाया गया। इनके अलावा कुछ अन्य अतिक्रमण भी हटाए गए हैं। इस दौरान एसडीएम प्रियंका भल्लावी, तहसीलदार आरके झरबड़े, नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा, एसडीओपी संजू चौहान, टीआई ऊषा मरावी, नप आरआई जे चौरसिया, एआरआई संजय परसाई, पटवारी नागेश निवारिया, संजय परसाई, अमित परसाई सहित राजस्वकर्मी, पुलिसकर्मी व नपकर्मी उपस्थित थे। सूत्रों के अनुसार अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जारी रहेगी।





### तोड़े शराब बिक्री स्थल

अतिक्रमण हटाने की मुहिम दौरान प्रशासन ने इंदिरा वार्ड में ईसाई समाज के कब्रिस्तान के समीप संचालित अवैध शराब बिक्री दुकान व टप को तोड़ा है। सोहागपुर थाना प्रभारी ऊषा मरावी ने बताया कि कई दिनों से संबंधित क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री की सूचना मिल रही थी। शराब बिक्री केंद्रों को अतिक्रमण हटाने की मुहिम के दौरान तोड़ा गया है। साथ ही सख्त हिदायत दी गई है कि कोई भी अगर शराब बिक्री करेगा तो नियमानुसार कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि दो महिलाओं से भी अवैध शराब जप्तकर आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किए गए हैं।

## ब्लॉक कांग्रेस ने किसान की मौत पर जताया गहरा दुख

**सिवनी मालवा।** मोरघाट गांव के किसान विकास यादव ने 22 अक्टूबर को फसल बर्बाद होने और बढ़ते कर्ज के दबाव के कारण आत्महत्या कर ली। बताया गया कि इस बार मक्का की पूरी फसल नष्ट हो गई, जिससे परिवार के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया था। घटना की जानकारी मिलते ही ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजय पटेल, प्रदेश किसान कांग्रेस नेता धर्मेन्द्र चौहान, किसान नेता केदार सिरोही, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राधेश्याम पटेल और अन्य कांग्रेस पदाधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने मृतक किसान के परिवार को सांत्वना दी और शासन-प्रशासन से तत्काल मदद की मांग की। धर्मेन्द्र चौहान ने कहा यह मौत नहीं बल्कि सरकार की विफल नीतियों का परिणाम है। किसानों की हालत बद से बदतर हो चुकी है पर सरकार अब भी मौन है। समय पर फसल बीमा और राहत न मिलने के कारण किसान निराशा में डूब रहे हैं। प्रदेश की भाजपा सरकार किसानों की आत्महत्या की जिम्मेदारी से नहीं बच सकती।

## स्वच्छता पखवाड़ा में सजाए गए पलकमती नदी घाट, रखा डस्टबिन व जलाया कबाड़, भुगतना होगा 10 हजार जुर्माना

**जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने की थी घाट की रंगाई-पुताई, नप सीएमओ ने दिया जुर्माना नोटिस**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

समूचे देश में 17 सितंबर 2025 से दो अक्टूबर 2025 तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा संचालित किया गया था। इस दौरान सोहागपुर में भी पलकमती नदी के घाटों की सफाई, रंगाई व पुताई का कार्य एसडीएम प्रियंका भल्लावी, नप अध्यक्ष लता यशवंत पटेल, नप उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा सहित पार्षदों व नपकर्मियों ने किया था। कार्य दौरान मातापुरा पलकमती घाट की भी रंगाई-पुताई की गई थी।

लेकिन उक्त घाट पर कबाड़ा सामग्री जलाकर शासकीय संपत्ति को हानि पहुंचाई गई। जिसके चलते सोहागपुर नप सीएमओ ने संबंधित व्यक्ति को नोटिस दिया है। नोटिस जारीकर 10 हजार रुपये जुर्माने की सूचना संबंधित को भेजी गई है। अन्यथा पुलिस कार्रवाई की जाएगी।



दो अक्टूबर को कार्यक्रम समापन पर घाट सौंदर्यीकरण कार्य करते नप सीएमओ।

### यह है नोटिस का मसौदा

सोहागपुर नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने रफीक खां हफीज खां मातापुरा वार्ड सोहागपुर के नाम सूचना पत्र क्रमांक 2295 जारी किया है। जिसमें उल्लेख है कि स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा में एसडीएम व नपाध्यक्ष ने मातापुरा पलकमती नदी घाट की सफाई की थी।

अब मातापुरा पलकमती घाट पर कबाड़ा जलाकर शासकीय संपत्ति को हानि पहुंचाई गई एवं कबाड़ा सामग्री शासकीय भूमि पर रखकर अतिक्रमण किया गया है। उक्त कार्य नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 223 के तहत अपराध की श्रेणी में है। अतः सूचना प्राप्ति के तीन दिवस के अंदर शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाए व शासकीय संपत्ति को हानि पहुंचाने के कारण 10 हजार रुपये जुर्माना नप सीएमओ कार्यालय में जमा करें। अन्यथा संबंधित पर नियमानुसार पुलिस कार्रवाई की जाएगी।

## स्वास्थ्य बीमा योजना के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ी

**सीहोर।** मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) ने कैशलेस स्वास्थ्य बीमा योजना आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ी दी है। अब 13 नवंबर 2025 तक ऑनलाइन या ऑफलाइन आवेदन दिए जा सकते हैं। आवेदन के लिए बढ़ी हुई तिथि नियमित और संविदा कार्मिकों के साथ पेंशनर्स और फैमिली पेंशनर्स के लिए भी लागू होगी। एमपी ट्रांसको के मुख्य वित्तीय अधिकारी मुकुल मेहरोत्रा ने बताया कि दूरदराज के क्षेत्र में रहने वाले अनेक पेंशनर्स और फैमिली पेंशनर्स कुछ कारणों से इस योजना के लिए आवेदन नहीं कर पाए हैं। कोई भी पात्र कर्मचारी या पेंशनर्स इस योजना का लाभ लेने से वंचित नहीं रहे, इसलिए कंपनी ने आवेदक की अंतिम तिथि बढ़ाई है।

## अभय बैरागी राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में रहे प्रथम, इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति महाविद्यालय सोहागपुर के छात्र अभय बैरागी ने शतरंज खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इससे पहले अभय ने सुखतवा नर्मदापुरम की जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। इसके बाद पचोर राजगढ़ में आयोजित हुई संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्तकर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए। पिछले दिनों ग्वालियर में हुई राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में अभय ने सागर विश्वविद्यालय के प्रतिभागी को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है।




अभय की उपलब्धि पर क्षेत्रीय विधायक विजयपाल सिंह, नपाध्यक्ष लता पटेल, कॉलेज शासी निकाय अध्यक्ष कैलाश पालीवाल, शिक्षा समिति अध्यक्ष कन्नूलाल अग्रवाल, सचिव हमीर सिंह चंदेल, अधिवक्ता शेरखान, अभिलाष चंदेल, प्राचार्य डॉ. एनके नीखरा, नप उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्वनी सरोज, क्रीड़ा अधिकारी सैयद हामिद अली , अभिषेक चौहान, अभिनव पालीवाल, राजेश विश्वकर्मा, हर्ष डोंगरे सहित महाविद्यालय स्टाफ ने बधाई दी है। अभय अब मार्च 2026 में मुंबई में होने जा रही इंटर यूनिवर्सिटी शतरंज प्रतियोगिता में बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## बाजार में गुम हुए बच्चे को परिजनों से मिलाया

सोहागपुर। शहर में बुधवार को पांच वर्ष आयु का एक बालक माता-पिता के साथ इलाज के लिये शासकीय अस्पताल सोहागपुर आया था। जो अस्पताल से माता-पिता को बिना बताए नगर स्थित रेलवे स्टेशन पहुंच गया था। देर तक बच्चे को पेड़ के नीचे बैठा देख उससे पार्षद आशीष विश्वकर्मा ने पूछताछ की तथा थाना सोहागपुर को सूचना दी। थाना सोहागपुर के आरक्षण बलराम व पार्षद आशीष विश्वकर्मा को बालक ने स्वयं का नाम पीयूष कुमार ठाकुर निवासी मड़काढाना बताया। जिसे नाश्ता कराकर पार्षद तथा आरक्षक ग्राम पहुंचे व उसे परिजनों को सौंपा एवं परिजनों को हिदायत दी गई कि बच्चों का विशेष ध्यान रखें।

## इंटरस्कूल बास्केटबॉल प्रतियोगिता का समापन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

बुधवार को सेंट जोसफ कॉन्वेन्ट हायर सेकेंडरी स्कूल इटारसी में इंटर सीबीएसई स्कूल बास्केटबॉल टूर्नामेन्ट का समापन हुआ। जिसमे जिले के विभिन्न सीबीएसई से सम्बद्धता रखने वाले स्कूलों के विद्यार्थियों ने अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बुधवार को प्रतियोगिता के सेमीफाइनल एवं फाइनल मैच खेले गए। जिसमें बॉयज ग्रुप से सेंट जोसेफ कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल इटारसी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं सेंट मेरी हायर सेकेंडरी स्कूल इटारसी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

वहीं गर्ल्स ग्रुप में एकलव्य इंटरनेशनल स्कूल की छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं सेंट जोसेफ कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्राओं ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के समापन में मुख्य अतिथि के रूप में एसडीओपी वीरेंद्र मिश्रा ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

साथ ही एकलव्य इंटरनेशनल स्कूल के संचालक जसबीर छाबड़ा, जीनियस प्लेनेट स्कूल के संचालक जाफर सिद्दीकी, सेंट मेरी स्कूल से फादर रोनाल्ड, व्यवसायी सुनील जैन एवं मेहरागांव ग्राम पंचायत के सरपंच जितेंद्र पटेल, सिस्टर मैनेजर एलिस, शाला प्राचार्य सिस्टर पुष्पा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन एवं अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। छात्राओं ने कार्यक्रम के समापन के अवसर रंगारंग नृत्य की प्रस्तुति दी।

## अनियमितताओं को रोकने के उद्देश्य से जांच दल ने किया मेडिकल दुकानों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार मेडिकलों से विक्रय होने वाले वाली दवाओं एवं मेडिकल दुकानों पर अनियमितताओं की रोकथाम के उद्देश्य से निरीक्षण दल द्वारा जिले की 8 मेडिकल दुकानों का निरीक्षण किया गया। जिनमें सीहोर की सूर्या मेडिकल, सीहोर केमिस्ट, न्यू सीहोर केमिस्ट, ताहिर मेडिकल, विनायक मेडिकल, सीहोर फार्मेसी, भाग्य लक्ष्मी मेडिकल एवं फार्मा मेडिकल शामिल है। निरीक्षण के दौरान जांच दल द्वारा मेडिकल दुकानों में साफ सफाई, दवाओं के क्रय-विक्रय रिकॉर्ड, एक्सपायर्ड दवाओं का रख-रखाव तथा प्रतिबंधित दवाओं के विक्रय आदि की जांच की गई। इसके साथ ही बच्चों को खांसी बुखार के दौरान दी जाने वाली कफ सीरपों के नमूने भी लिए गए, जिन्हें जांच के लिए भेजा गया है। निरीक्षण के दौरान फार्मासिस्ट की अनुपस्थिति में संचालित तथा दवाओं के रिकॉर्ड न रखने वाली मेडिकल स्टोर्स को नोटिस जारी किया गया।



## नहर में बढ़ते अतिक्रमण की सरपंच ने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया

जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्रामपंचायत नंदवाडा के ग्राम आमादेयमे माछा वितरण उपनहर आमादेयजलाशय की नहर के सीमांकन हेतु सरपंच उषा पटेल ने जनसुनवाई में कलेक्टर नर्मदापुरम सोनिया मीना को अवगत कराया। तथा आवेदन दिया गया है। सरपंच ने बताया कि नहर के दोनों तरफ पक्का अतिक्रमण कर रखा है। तथा जलाशय से नहर निकलीं है। जिसमें लगभग 6गांव के किसान लाभान्वित होते थे। लेकिन अभी वर्तमान में आमादेयके किसान को लाभ मिल रहा है।शेष गांव के सभी किसानों के गांव में माइनिंग नहर निकलीं है पर पुरी तरह से टूट चुकी है। कुछ किसान ने अतिक्रमण कर नहर के अवशेष भी मिटा दिया है। बल्कि पूर्व में पदस्थ रहे प्रभारी कार्यपालन यंत्री शेलेंदर पीपरे के कार्य काल में मुआवजा वितरित करने की भी जानकारी दी गई है। सीमांकन हेतु सरपंच के आवेदन दिया गया तथा नहरों को पक्का निर्माण कार्य करने की बात कही गई है।अमीन पटवारी गोविन्द सिंह को कोई जानकारी नहीं है। क्यों की वह नहरों पर जाते ही नहीं है। सभी पिपरिया उपसंभाग में दोनों तरफ अतिक्रमण पक्का हटाने की मांग कीहै। इस विषय पर अनुविभागीय अधिकारी अजय सिंह ने बताया कि यह सही है नहर पर अतिक्रमण कर रखा है। तथा काम भी नहीं कराया गया है। जल्दी ही सीमांकन कर पक्का निर्माण कार्य पूरा कराया जा रहा है। मशीन से खुदाई भी कराई जावेगी।

ॐ शांति ‖ उठावना ‖ ॐ शांति

अत्यंत दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि
हरि कुमार, सुनील कुमार, स्व. अनिल कुमार अग्रवाल के पूज्य पिताजी
**सेठ श्री शिव प्रसाद जी अग्रवाल**
का स्वर्गवास 28 अक्टूबर 2025 दिन मंगलवार को हो गया है।
जिनका तीये का उठावना रखा गया है।

उठावना : 30 अक्टूबर 2025 दिन गुरुवार
को दोपहर 3 बजे मंगलदीप गार्डन एंड रिसॉर्ट
बागरा रोड माखननगर (बाबई)

नोट - ससुराल पक्ष का उठावना भी यहीं रखा गया है।

शोकाकुल
हरि अग्रवाल (सिंघल परिवार), माखन नगर (बाबई)
मो. 9993110477, 7000479694, 9425039854



स्व. श्री शिवप्रसाद अग्रवाल जी
जन्म दिनांक - 15/02/1932
प्रभु मिलन - 28/10/2025

### किसानों की सात सूत्रीय मांगों को लेकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

# घेराव के दौरान कलेक्टर नहीं आए मिलने तो टिमरनी विधायक ने गेट कूदकर किया प्रवेश

## कुछ किसानों ने किया दंडवत, कलेक्टर चेंबर तक घुसे कांग्रेसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

बुधवार को कांग्रेस ने किसानों की सात सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट का घेराव किया। इस दौरान भारी पुलिस बल भी मौजूद रहा। कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता कलेक्टर से मिलने के लिए समय मांग रहे थे, जब कलेक्टर सिद्धार्थ जैन बाहर नहीं आए तो टिमरनी विधायक गेट पर चढ़कर अंदर घुस गए। इस दौरान कांग्रेस नेताओं और पुलिस के बीच गहमागहमी रही। कुछ किसानों ने दंडवत किया तो कुछ किसान कलेक्टर चेंबर के बहार तक घूस गए। कलेक्ट्रेट के अंदर कांग्रेस कार्यकर्ता नारेबाजी करते रहे। हरदा जिले के दोनों कांग्रेस विधायक अपने समर्थकों के साथ कलेक्टर परिसर में धरने पर बैठ गए और रघुपति राघव राजा राम का भजन गाने लगे। स्थिति को शांत करने के लिए एडीएम पुरुषोत्तम कुमार और एएसपी अमित कुमार मिश्रा मौके पर पहुंचे और दोनों विधायकों से बातचीत की। प्रदर्शन में हरदा विधायक डॉ. आर.के. दोगने, टिमरनी विधायक अभिजीत शाह, किसान कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष धर्मेंद्र चौहान और कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहन विश्नोई सहित कई पदाधिकारी शामिल हुए। हालाँकि बाद में कलेक्टर सिद्धार्थ जैन कलेक्टर आफिस के अंदर बैठे कांग्रेस जनों से ज्ञापन लेने आये। इससे पहले प्रदर्शनकारियों से मिलने एडीएम पुरुषोत्तम कुमार और एसडीएम अशोक कुमार डेहरिया पहुंचे, लेकिन कांग्रेस नेता कलेक्टर से मिलने पर अड़े रहे।









### किसानों के लिए खाद, मुआवजा और बीमा राशि की मांग

*कांग्रेस ने आरोप लगाया कि पिछले चार महीनों से जिले के सैकड़ों किसान खाद के लिए परेशान हैं, उन्हें समय पर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। इसके अतिरिक्त, लगातार बारिश के कारण मक्का और सोयाबीन की फसलें पूरी तरह खराब हो गई हैं। किसानों को अब तक न तो बीमा राशि मिली है और न ही कोई मुआवजा दिया गया है। प्रदर्शनकारियों ने हरदा जिले को प्राकृतिक आपदाग्रस्त घोषित करने की मांग की। उन्होंने सोयाबीन, मक्का सहित अन्य फसलों की क्षति के लिए 30 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर की राहत राशि और तत्काल बीमा लाभ देने की मांग की। कांग्रेस ने जिला प्रशासन द्वारा किए गए सर्वे को गलत बताते हुए ग्राम पंचायत स्तर पर पटवारी द्वारा क्रॉप कटिंग के आधार पर पंचनामा बनाने की बात कही, ताकि सैटेलाइट सर्वे की विसंगतियों को दूर किया जा सके।*

### किसानों की समस्याओं के मुद्दे पर किया घेराव

*किसानों की समस्याओं के मुद्दे पर किया कलेक्ट्रेट का घेराव किसानों ने आगामी रबी सीजन की बुवाई के लिए बिजली और बैंक वसूली रोकने की भी मांग की। उनकी अन्य मांगों में सोयाबीन और मक्का की समर्थन मूल्य पर खरीदी, मंडी में बेची गई उपज का नकद भुगतान, और मंडियों में समर्थन मूल्य से कम भाव पर बोली न लगाना शामिल था। उन्होंने मंडियों में किसानों के लिए भोजन की टोकन व्यवस्था और शेड में पंखे लगाने की भी मांग की। कांग्रेस ने तत्काल किसानों को पर्याप्त मात्रा में डीएपी और यूरिया खाद उपलब्ध कराने पर जोर दिया। साथ ही, हंडिया तहसील के अलावा जिले की अन्य तहसीलों में पटवारी द्वारा गिरदावरी में रिक्त लिखे गए खेतों को तत्काल सुधारने की मांग की, ताकि किसान राहत राशि और बीमा लाभ से वंचित न रहें।*

### इनका कहना है...

*हमारा प्रदर्शन शांतिपूर्वक था, किसानों के हितों के लिए कांग्रेस मैदान में है। ज्ञापन के लिए कलेक्टर साहब को किसान बुला रहे थे, लेकिन उनके पास किसानों के लिए समय नहीं था।*

***मोहन बिश्नोई**, जिलाध्यक्ष कांग्रेस*

*किसानों के लिए मैं हमेशा तैयार रहता हूँ। जन मैं विधानसभा में घुस जाता हूँ तो यह तो कलेक्टर आफिस आफिस है। लोकतान्त्रिक देश में सबसे पहले किसानों की आवाज सुनी जाती है।*

***अभीजीत शाह**, कांग्रेस विधायक टिमरनी*

*मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन मिला है, जिसे भोपाल भेज दिया जायेगा। मेरी विडियो कान्फ्रेस चल रही थी, इसलिए वहां अपर कलेक्टर उपस्थित थे।*

***सिद्धार्थ जैन** कलेक्टर हरदा*

### 17 विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र बांटे

# शासकीय विद्यालयों के छात्रों के लिए प्रारंभ हुआ मिशन कोड शक्ति-हरदा



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

आज के समय में तकनीकी ज्ञान और कोडिंग जैसी स्किल बच्चों के भविष्य के लिए बहुत ज़रूरी हो गई है। यह न सिर्फ़ उनके सोचने और समस्या सुलझाने की क्षमता को बढ़ाता है बल्कि उन्हें आगे की पढ़ाई और रोज़गार में भी नए अवसर दिलाता है। जिला प्रशासन ने ह्यह्यकोड योगीह्लह्ल फाउण्डेशन के सहयोग से जिले के शासकीय विद्यालयों के कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक विद्यार्थियों को स्कूल स्तर से ही कोडिंग सीखाने के उद्देश्य से ह्यह्यमिशन कोड शक्ति-हरदाह्लह्ल प्रारम्भ किया है। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने बुधवार को उत्कृष्ट विद्यालय हरदा में आयोजित कार्यक्रम में जिले के कोडिंग लर्निंग के विभिन्न चरण पूर्ण करने वाले 17 विद्यार्थियों को कोडिंग संबंधित प्रमाण-पत्र वितरित किये। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी डी.एस. रघुवंशी, जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र बलवन्त पटेल, प्राचार्य उत्कृष्ट विद्यालय एस.के. यादव सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### व्यवस्थित रूप से कोडिंग सीखते हैं तो अन्य विद्यार्थियों की तुलना में और बेहतर बन सकेंगे

*कलेक्टर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इसे अपनी दिनचर्या में शामिल करें, यह आपके बहुत काम आयेगा। उन्होने कहा कि यदि आप व्यवस्थित रूप से कोडिंग सीखते हैं तो अन्य विद्यार्थियों की तुलना में और बेहतर बन सकेंगे। कोडिंग आपके भविष्य में काफी उपयोगी सिद्ध होगी। कलेक्टर ने कहा कि यह प्रोग्राम पूरी तरह निःशुल्क है। कोर्स को आसान भाषा में तैयार किया गया है ताकि कोई भी विद्यार्थी, चाहे तकनीकी पृष्ठभूमि न भी हो, इसे समझ सके। इसमें छोटे-छोटे वीडियो, सरल अभ्यास और प्रैक्टिकल असाइनमेंट शामिल हैं। जिला परियोजना समन्वयक बलवन्त पटेल ने बताया कि मिशन कोड शक्ति अभियान के तहत 2500 से अधिक विद्यार्थियों ने अपना पंजीयन कराया है। छात्रों ने वेबसाइट डिजाइनिंग, वेब बेसिक्स, प्रोग्रामिंग लैंग्वेजेज आदि तकनीकी आयाम सीखना प्रारम्भ कर दिया है। उन्होने बताया कि जिले के 17 छात्रों द्वारा अल्प समय में इस लर्निंग के कई चरण पूर्ण कर लिए हैं।*

**खबर संक्षेप**

### कल सभी थानों में आयोजित होगी एकता दौड़

**हरदा।** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर कल 31 अक्टूबर को सभी पुलिस थानों में ह्यएकता दौड़ह्ल (रन फॉर यूनिटी) का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्देश्य नागरिकों में एकता, अखंडता और राष्ट्रीय गौरव की भावना को मजबूत बनाना है। राष्ट्रीय एकता दिवस का उद्देश्य देश में एकता, अखंडता और सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ करना तथा नागरिकों में समरसता का संदेश फैलाना है। इस अवसर पर सभी पुलिस थाने स्तर पर 31 अक्टूबर की सुबह 8 बजे से ह्यएकता दौड़ह्ल का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में अधिक से अधिक युवाओं, खिलाड़ियों, नगर एवं ग्राम रक्षा समिति के सदस्यों, विद्यालयों और महाविद्यालयों के विद्यार्थियों, एनसीसी, एनएसएस कैडेट्स, सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवकों, पुलिस बल, होमगार्ड्स एवं नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

### तहसीलदार से मिलकर बताई परेशानियां

# मुआवजा को लेकर भारतीय किसान संघ ने दिया ज्ञापन, आंदोलन की चेतावनी दी



हरिभूमि न्यूज ⏭ रहटगांव

कम मुआवजा मिलने को लेकर भारतीय किसान संघ ने मंगलवार को ज्ञापन सौंपा। तहसीलदार से मिलकर बताया की रहटगांव तहसील में अधिक नुकसानी होने के बावजूद भी रहटगांव तहसील में मुआवजा कम दिया जा रहा है। काफी भेदभाव किया जा रहा है। भारतीय किसान संघ तहसील रहटगांव के प्रतिनिधि मंडल ने काफी नाराजगी जताई। साथ ही कहा कि अगर मुआवजा की राशि नहीं बढ़ाई गई तो भारतीय किसान संघ उग्र आंदोलन करेगा। रहटगांव तहसील की रिपोर्ट 33 से 50% बढ़कर की जाए। क्योंकि किसानों का काफी नुकसान हुआ है। तहसीलदार को ज्ञापन देते समय तहसील मंत्री सियाराम गौर, संभागीय युवा वाहिनी, सदस्य विष्णु गौर ,संभागीय सदस्य हरिओम गौर, पवन गौर ,आनंद पटेल, रामबालक गौर ,अनिल गौर ,राजकुमार गौर, तहसील उपाध्यक्ष नारायण गौर, विजय गौर ,मीडिया प्रभारी नंदलाल पटेल काफी संख्या में किसान मौजूद रहे।

### कृषि विस्तार अधिकारियों की निगरानी में उर्वरक का वितरण किया जा रहा

# खिरकिया विकासखंड में मांग अनुरूप 6500 यूरिया व 1500 मीट्रिक टन डीएपी किसानों को बांटा गया



हरिभूमि न्यूज ⏭ खिरकिया

कलेक्टर हरदा सिद्धार्थ जैन व उपसंचालक कृषि जवाहरलाल कासडे के निर्देशानुसार खिरकिया विकासखंड में यूरिया एवं डीएपी उर्वरक की प्राप्ति एवं वितरण कार्य निरंतर सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है। प्राप्त उपलब्धि के आधार पर वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी टी . आर. चौहान के मार्गदर्शन में विभिन्न स्थानों पर क्रय-विक्रय समितियों एवं निजी विक्रेताओं के माध्यम से किसानों को कृषि विस्तार अधिकारियों की निगरानी में उर्वरक का वितरण किया जा रहा है। खिरकिया विकासखंड का कुल कृषि रकबा 68500 हेक्टेयर है, जिसमें रबी का रकबा लगभग 52000 हेक्टेयर है । 1 अप्रैल से अब तक प्रायवेट व शासकीय वितरण संस्थाओं द्वारा लगभग 6500 मीट्रिक टन यूरिया एवं लगभग 1500 मीट्रिक टन डीएपी आज तक प्राप्त हुआ था,जो सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से खातेदार किसानों को व बगैर खाताधारक किसानों को निजी व डीएमओ के माध्यम से वितरित किया जा रहा है । वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी टी. आर. चौहान ने बताया कि किसानों द्वारा प्रायः डीएपी की मांग अधिक की जाती है, किंतु उसका वैकल्पिक उर्वरक जैसे 20.20.0.13,टीएसपी आदि भी उतनी ही गुणवत्ता वाला और फसल हेतु उपयोगी है।20.20.0.13 में 20%नाइट्रोजन 20%फास्फोरस व 13 % सल्फर रहता है व टीएसपी में 46 % फास्फोरस रहता है किसान भाई डीएपी की जगह टीएसपी का उपयोग करे ,क्योंकि नाइट्रोजन की पूर्ति तो युरिया से जमीन को हो जाती है व 46% फास्फोरस मिल जाता है जो उन्होंने कहा कि वैकल्पिक खाद शासन द्वारा अनुमोदित एवं गुणवत्ता-प्रमाणित हैं, जो किसानों को बाजार एवं वितरण केंद्रों पर उपलब्ध हैं। कृषि विभाग द्वारा किसानों को इन वैकल्पिक उर्वरकों की जानकारी विभिन्न माध्यमों से दी जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। सभी लाइसेंसधारी विक्रेताओं एवं वितरण संस्थाओं को निर्देशित किया गया है कि वे किसानों को वैकल्पिक खाद की उपयोगिता से अवगत कराएं। वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी चौहान ने अपील की है कि किसान धैर्य बनाए रखें एवं निर्धारित वितरण केंद्रों से विधिवत रूप से खाद प्राप्त करें। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा मांग के अनुरूप उर्वरक की आपूर्ति नियमित रूप से प्राप्त हो रही है और किसी प्रकार की कमी नहीं है। कृषि विभाग यह सुनिश्चित कर रहा है कि प्रत्येक किसान को उसकी आवश्यकता के अनुसार उर्वरक समय पर उपलब्ध कराया जाए, जिससे रबी सीजन की बुवाई कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

### अंगीकार अभियान 2025 के तहत किया गया कार्यक्रम

# पीएम आवास मेले में 45 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र का वितरण किया, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर भी लगाए




हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

नगरपालिका परिषद हरदा द्वारा बुधवार को शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के सभा कक्ष में अंगीकार अभियान 2025 के तहत पीएम आवास मेला (शहरी) का आयोजन किया गया। मेले में मुख्य अतिथि विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने, नगरपालिका अध्यक्ष भारती राजू कमेडिया, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा, नगर मंडल अध्यक्ष नितेश बादर एवं पार्षद मीरा कैलाश कुचबन्दिया की उपस्थिति में पीएम आवास योजना 2.0 के तहत तृतीय डीपीआर के 45 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र वितरित किये गए। मेले में प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, पीएम स्वनिधि योजना, आईएसएस अंतर्गत होम लोन मेला, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर भी आयोजित किये गए।

### जज बंगले के पास में स्थित हनुमान मंदिर में चोरी

# चोर दे रहे पुलिस को चुनौती दान पेटी तोड़कर ले गए नकदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

नगर में शासकीय जिला अस्पताल और नगर पालिका कार्यालय के पास स्थित एक हनुमान मंदिर में चोरी की घटना हुई है। चोर मंदिर की दान पेटी तोड़कर उसमें रखी राशि चुरा ले गए। चोरी का पता मंगलवार सुबह तब चला जब श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। यह मंदिर जिला एवं सत्र न्यायाधीश के बंगले के बिल्कुल बगल में है, जिसके चलते व्यस्ततम इलाके में हुई इस चोरी से लोग हैरान हैं।

**सुबह पहुंचे श्रद्धालु तो टूटी मिली दान पेटी :** जानकारी के अनुसार, नगर में शासकीय जिला अस्पताल, नगर पालिका परिषद कार्यालय से कुछ ही दूरी पर पुरानी जेल की जमीन पर बंदी मुक्त हनुमान मंदिर स्थित है। यह मंदिर जिला एवं सत्र न्यायाधीश के घर के बिल्कुल बगल में है। बताया गया है कि इसी हनुमान मंदिर में चोरी की घटना घटित हुई है। मंगलवार सुबह जब श्रद्धालु मंदिर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि मंदिर की दान पेटी टूटी हुई है और उसमें से राशि गायब है।



### पुलिस को चोरों की चुनौती?

चोरी की घटना की सूचना लोगों ने पुलिस को दी है। लेकिन दो बड़े शासकीय संस्थानों (अस्पताल, नपा) और मजिस्ट्रेट के घर के बगल में चोरी की घटना होने से सभी लोग अचंभित हैं। सीवन नदी चौराहा के नजदीक स्थित इस मंदिर में चोरी होना अपने आप में यह माना जा रहा है कि चोर अब पुलिस को भी चुनौती देने लगे हैं। व्यस्ततम इलाके में चोरी की घटना होने से सभी लोग आश्चर्यचकित हैं।

# महिला कांग्रेस अध्यक्ष की रेस शुरू, बुदनी आष्टा की चार नेत्रियों ने ठोकी दावेदारी सीहोर इछावर से एक भी महिला नेता नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

अखिल भारतीय महिला कांग्रेस के निर्देश सीहोर जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष की नवीन नियुक्ति के लिए संगठन सृजन अभियान के तहत रायशुमारी शुरू हो गई है। सोमवार को जिला मुख्यालय पर पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में महिला कांग्रेस नेत्रियों के बायोडाटा लिए गए।

हालांकि इस दावेदारी की रेस में एक रोचक तस्वीर सामने आई है। जिला अध्यक्ष पद के लिए कुल चार महिला नेत्रियों ने अपनी दावेदारी जताई है, इनमें बुदनी से 3 और आष्टा से 1 दावेदार हैं।

हैरानी की बात यह है कि जिला मुख्यालय सीहोर और इछावर विधानसभा क्षेत्र से एक भी महिला नेत्री ने दावेदारी नहीं जताई है। यह रायशुमारी जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती की अध्यक्षता में जिला प्रभारी चंदा चौहान और महक राणा के विशेष आतिथ्य में आयोजित की गई।

### गुलाब बाई ठाकुर ने फिर जताई दावेदारी

*जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष का दायित्व संभाल रहीं गुलाब बाई ठाकुर को हाल ही में प्रदेश महासचिव बनाया गया है। प्रदेश में पदोन्नति के बावजूद उन्होंने फिर से जिलाध्यक्ष पद के लिए अपनी दावेदारी जताई है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती ने बताया कि महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष का नाम महिने भर में तय हो जाएगा।*

### इछावर-सीहोर में महिला नेत्रियों का टोटा

*रायशुमारी में यह बात सामने आई कि जिला कांग्रेस के पास इछावर में महिला नेत्रियों का टोटा है। वहीं जिला मुख्यालय सीहोर में भी सक्रिय महिला कांग्रेस नेत्रियों का अभाव दिख रहा है, यही वजह है कि इन दोनों क्षेत्रों से एक भी महिला नेत्री ने दावेदारी के लिए बायोडाटा नहीं दिया।*